सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 25 जुलाई, 2025




**बिहार विधान सभा सचिवालय,**
**पटना ।**

सप्तदश विधान सभा — शुक्रवार, तिथि 25 जुलाई, 2025 ई०

पंचदश सत्र — 03 श्रावण, 1947 (शक)

(कार्यवाही प्रारम्भ होने का समय – 11:00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । अब प्रश्नोत्तर काल होगा । अल्पसूचित प्रश्न लिये जायेंगे ।

(व्यवधान)

श्री सत्यदेव राम : महोदय, विधान सभा....

(व्यवधान जारी)

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने–अपने स्थान पर खड़े हो गए )

अध्यक्ष : श्री मुकेश कुमार यादव ।

प्रश्नोत्तर काल

अल्पसूचित प्रश्न सं0–7 (श्री मुकेश कुमार यादव, क्षेत्र सं0–27 बाजपट्टी)

(प्रश्न नहीं पूछा गया)

अध्यक्ष : अब तारांकित प्रश्न लिये जायेंगे ।
श्री श्रीकांत यादव ।

(व्यवधान जारी)

तारांकित प्रश्न सं0–410 (श्री श्रीकान्त यादव, क्षेत्र सं0–113, एकमा)

(प्रश्न नहीं पूछा गया)

अध्यक्ष : श्रीमती मनोरमा देवी ।

तारांकित प्रश्न सं0–411 (श्रीमती मनोरमा देवी, क्षेत्र सं0–232, बेलागंज)

(लिखित उत्तर)

श्री मंगल पाण्डे, मंत्री : वस्तुस्थिति यह है कि गया जिलान्तर्गत बेलागंज प्रखंड में पूर्व से संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 30 शैय्या के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में अपग्रेड किया जा चुका है।

उक्त केन्द्र में 02 सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, 01 आयुष चिकित्सक एवं 01 दंत चिकित्सक वर्तमान में पदस्थापित हैं ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलागंज में प्रसव, परिवार नियोजन, आकस्मिक सेवा एवं पैथोलॉजी से संबंधित सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं ।

उल्लेखनीय है कि चिकित्सकों (सामान्य/विशेषज्ञ/दन्त) के 5048 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है । चिकित्सकों के दस्तावेज सत्यापन की कार्रवाई आयोग में प्रक्रियाधीन है । आयोग से अनुशंसा प्राप्त होते ही नियुक्ति–सह–पदस्थापन की कार्रवाई की जाएगी ।

अध्यक्ष : श्रीमती मनोरमा देवी जी पूरक पूछिए ।

श्रीमती मनोरमा देवी : जी, पूछती हूं सर ।

अध्यक्ष : माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग ।

श्री मंगल पाण्डे, मंत्री : महोदय, वस्तुस्थिति यह है कि गया जिलान्तर्गत बेलागंज प्रखंड में पूर्व से संचालित...

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : बैठ जाइए, बैठ जाइए ।

श्री मंगल पाण्डे, मंत्री : प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 30 शय्या के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अपग्रेड किया जा चुका है । उक्त केन्द्र में 02 सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, 01 आयुष चिकित्सक एवं 01 दंत चिकित्सक वर्तमान में पदस्थापित हैं । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलागंज में प्रसव, परिवार नियोजन, आकस्मिक सेवा एवं पैथोलॉजी से संबंधित सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं । उल्लेखनीय है कि चिकित्सकों के 5048 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है...

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में आ गए)

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : बैठ जाइये ।

श्री मंगल पाण्डे, मंत्री : चिकित्सकों के दस्तावेज सत्यापन की कार्रवाई आयोग में प्रक्रियाधीन है। आयोग से अनुशंसा प्राप्त होते ही नियुक्ति–सह–पदस्थापन की कार्रवाई कर दी जाएगी ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : आज अंतिम दिन है, आपका ही दिन है, सरकार का काम तो हो गया । आपका ही दिन है आज, प्रश्नोत्तर है, आपका प्रस्ताव है । बैठ जाइए, बैठ जाइए, सदन नेता बोल रहे हैं ।

श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री : अध्यक्ष महोदय, जरा ये लोग हंगामा करते हैं...

(व्यवधान जारी)

सुनिए न, ये लोग जब हंगामा करते हैं तो जरा देख लीजिए सबका कपड़ा, कैसा पहने हुए हैं । ये जितना सब पार्टी एक दूसरे के साथ है, सब एक ही तरह का कपड़ा पहने हैं । आज तक दूसरे साल कभी एक दूसरे तरह से नहीं निकले थे अब अभी अपना एक ही तरह का कपड़ा पहने हो और इसी तरह से कर रहे हो तो एक बात तो क्लियर–कट आ गया...

(व्यवधान जारी)

अरे क्या है, आप भी कभी पहने थे ? ये कपड़ा पहन कर आते थे तो उनको छोड़ दो, बाकी ज्यादातर लोग जो चल रहे हैं आप, यह हम रोज देख रहे हैं आपलोगों को और ये लोग भी जो हैं ये सब अलग–अलग पार्टी वाले लोग तो आप लोग एक–दूसरे के साथ मिलकर आप यही काम कर रहे हैं उल्टा–पुल्टा, कोई काम नहीं । आपको मालूम है सरकार ने कितना काम किया है और कितना चारों तरफ लोगों को फायदा हो रहा है । हर तरह से किया गया है और आपलोग अपना ऐसे ही आपको बता दिया है कि ऐसा ही कपड़ा पहन लो तो आप लोग सबका यही हाल हो गया, आजतक कभी नहीं था यही देख लीजिये सर, यही कर रहा है इसीलिए कोई दिन नहीं, एकाध बार होता था, बाकी दिन सबलोग...

(व्यवधान जारी)

होता था...

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : आपलोग अपने स्थान पर जाइए । प्रश्नकाल होने दीजिए न, प्रश्नोत्तर काल तो आप ही का है, आपके मेंबर का भी है और आज अंतिम दिन है, मौसम भी ठंढ़ा है तब गर्मी इतनी क्यों हो रही है ? बैठ जाइए, बैठ जाइए अपने स्थान पर जाइए । अपने स्थान पर जाइए, टेबुल मत उलटिए । अंतिम दिन नहीं करिए ऐसा काम । सबलोग देख रहे हैं, बच्चे भी देखने आए हैं स्कूल से, देख रहे होंगे आपको, क्या सोचेंगे क्या कहेंगे, इसका विचार करिए । अपने स्थान पर जाइए, बैठ जाइए ।

(व्यवधान जारी)

अब सभा की कार्यवाही 02.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित की जाती है ।

टर्न–2 / सुरज / 25.07.2025

(अंतराल के बाद)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । माननीय सदस्यगण, कुछ प्रतिवेदन है जिन्हें सभा पटल पर रखा जाना है । उसे मैं पहले ले लेता हूं शेष निर्धारित कार्य इसके बाद लिये जायेंगे ।

सभा मेज पर कागजात का रखा जाना

अध्यक्ष : माननीय प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग ।

श्री अख्तरूल ईस्लाम शाहीन : अध्यक्ष महोदय...

अध्यक्ष : ले तो होने दीजिये न, ले तो होने दीजिये ।

(व्यवधान)

यह आवश्यक काम है इसको होने दीजिये न, इसको होने दीजिये ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के धारा–99 के तहत...

(व्यवधान)

अध्यक्ष : इसको होने दीजिये न ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अधिसूचना संख्या–एस0ओ0–135, दिनांक 04.06.2025 की एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

(व्यवधान)

अध्यक्ष : इसको होने दीजिये ।

(व्यवधान)

बिहार मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 के धारा–99 के तहत अधिसूचना संख्या–एस0ओ0–135, दिनांक 04.06.2025 की प्रति 14 दिनों तक सदन पटल पर रखी रहेगी ।

(व्यवधान)

प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग ।

(इस अवसर पर विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में आ गये)

(व्यवधान जारी)

दूसरा पढ़िये ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार माल...

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : इसको पहले ले होने दीजिये न, आपलोगों का भी है ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के तहत अधिसूचना सं0–एस0ओ0–79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87 दिनांक– 24.04. 2025; एस0ओ0–132, 133, 134, दिनांक–19.05.2025; एस0ओ0–141, दिनांक–20.06. 2025; एस0ओ0–144, दिनांक–09.07.2025 की एक–एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

अध्यक्ष : बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 166 के तहत अधिसूचना सं0–एस0ओ0–79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87 दिनांक–24.04.2025; एस0ओ0–132, 133, 134, दिनांक–19.05.2025; एस0ओ0–141, दिनांक– 20. 06.2025; एस0ओ0–144, दिनांक–09.07.2025 की प्रति सदन पटल पर 30 दिनों तक रखी रहेगी । प्रभारी मंत्री, ऊर्जा विभाग ।

श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार विद्युत विनियामक आयोग (वार्षिक लेखा–विवरण) नियमावली, 2012 की धारा–6 के तहत बिहार विद्युत विनियामक आयोग के कार्यकलाप के संबंध में वित्तीय वर्ष 2005–06 से 2013–14 एवं 2014–15 से 2021–22 तक के वार्षिक लेखा विवरण एवं उस पर महालेखाकार, बिहार का अंकेक्षण प्रतिवेदन की एक–एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 की धारा–55 के आलोक में बिहार नैदानिक स्थापन (पंजीकरण एवं विनियमन) (संशोधन) नियमावली, 2025 की एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार खाद्य संरक्षा सेवा (खाद्य विश्लेषक संवर्ग) नियमावली, 2025 एवं बिहार खाद्य संरक्षा सेवा (खाद्य संरक्षा संवर्ग) नियमावली, 2025 की एक–एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ।

श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार पोलिटेकनिक शिक्षा सेवा (संशोधन) नियमावली, 2025 एवं बिहार अभियंत्रण शिक्षा सेवा (संशोधन) नियमावली, 2025 की एक–एक प्रति सदन पटल पर रखता हूं ।

अध्यक्ष : माननीय सभापति लोक लेखा समिति ।

श्री भाई वीरेन्द्र : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–239 के तहत लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन संख्या–711 की प्रति को सदन में उपस्थापित करता हूँ ।

(व्यवधान जारी)

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, आपसे अनुमति मैं ले रहा हूं...

अध्यक्ष : होने दीजिये न ।

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : लोकतंत्र के मंदिर विधान सभा में इस विपक्ष का जो आचरण हुआ है, लोकतंत्र शर्मसार हुआ है, इसकी हम निंदा करते हैं और हमारे डिप्टी सी0एम0, माननीय सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा जी के बारे में टिप्पणी जो किया गया है नेता प्रतिपक्ष के द्वारा, विपक्ष के द्वारा इन्होंने लोकतंत्र को शर्मसार किया है । बिहार की जनता देख रही है । आने वाले चुनाव में बिहार की जनता इन्हें सबक सिखाने का काम करेगी...

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : बैठ जाइये, बैठ जाइये ।

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : जिस तरह गुंडागर्दी इन्होंने किया है, लोकतंत्र को कमजोर किया है, लोकतंत्र को शर्मसार करने का काम किया है...

अध्यक्ष : बैठिये प्रेम जी ।

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है और जो घटना घटी जिस तरह से 5 दिनों के अंदर में पूरा माहौल खराब किया है और विधान सभा के सत्र को इन्होंने चलने में बाधा पहुंचाने का काम किया है । महोदय, इसकी हम निंदा करते हैं और चेतावनी देते हैं कि ऐसी हरकतों से बाज आओ । आने वाले चुनाव में बिहार की जनता सबक सिखाने का काम करेगी ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : माननीय सभापति, पर्यटन उद्योग संबंधी समिति ।

(व्यवधान जारी)

सत्यदेव राम जी पढ़िये ।

श्री सत्यदेव राम : मैं बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली के नियम 211 के तहत पर्यटन उद्योग संबंधी समिति का पंचम प्रतिवेदन एवं षष्ठम प्रतिवेदन की प्रति सदन में उपस्थापित करता हूं ।

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभा सचिव : माननीय अध्यक्ष महोदय, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली के नियम 267 के अंतर्गत मुझे प्रतिवेदित करना है कि विभिन्न विषयों के संबंध में पटल पर रखे गये विवरण के अनुसार 60 (साठ) याचिकाएं प्राप्त हुई हैं ।

(व्यवधान जारी)

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही 02.30 बजे दिन तक के लिये स्थगित की जाती है ।

टर्न–3 / मुकुल / 25.07.2025

(स्थगन के उपरांत)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र में प्राप्त एवं स्वीकृत गैर सरकारी संकल्पों को पढ़ा हुआ माना जाता है एवं उन्हें गैर सरकारी संकल्प समिति को सुपुर्द किया जाता है ।

**सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र में दिनांक-25 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले गैर सरकारी संकल्पों की सूची :-**

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 4610 | श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारूण प्रखंड में रतनौर और दुधैला ग्राम के समीप उपलब्ध सरकारी भूमि पर एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करावे ।" | कृषि |
| 2. | 4831 | श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह भोजपुर जिले के आरा शहर अन्तर्गत उत्तर की तरफ से गांगी से होकर ओभरब्रीज के द्वारा गोपाली चौक से होते हुए जेल रोड तक उत्तर से दक्षिण की तरफ शहर को बाधा रहित मार्ग से जोड़े ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 3. | 4770 | श्री विनय कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह गया जिला के गुरारू प्रखंड अन्तर्गत गुरारू को नगर पंचायत का दर्जा दिलावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 4. | 4797 | श्री ऋषि कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह औरंगाबाद जिलान्तर्गत दाउदनगर प्रखंड के दाउदनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर भवन का निर्माण करावे ।" | भवन निर्माण |
| 5. | 4740 | श्री विनोद नारायण झा | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मधुबनी जिला के बेनीपट्टी एवं कलुआही प्रखण्ड में सम्मिलित क्रमशः 33 एवं 11 पंचायतों को पुनः सीमांकन कर बेनीपट्टी अन्तर्गत अरेर को एक नया प्रखण्ड बनावे ।" | ग्रामीण विकास |
| 6. | 4794 | श्री सिद्धार्थ पटेल | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली विधान सभा के गोरौल प्रखण्ड में गोरौल मुख्यालय से गोरौल-स्टेशन होते हुए मथनामल भाया सोन्धो पथ जिसपर औद्योगिक क्षेत्र एवं स्वीकृत आर०ओ०बी० होने के कारण उक्त पथ का चौड़ीकरण करावे ।" | पथ निर्माण |
| 7. | 4832 | श्रीमती वीणा भारती | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सुपौल जिला के त्रिवेणीगंज प्रखंडान्तर्गत जदिया पंचायत वार्ड सं०-15 में SH-91 मुख्य सड़क से विद्युत पावर स्टेशन तक जानेवाली सड़क में गंगापुर उप वेतरनी नहर के पास आवागमन की सुविधा हेतु पुल का निर्माण करावे ।" | जल संसाधन |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 8. | 4742 | श्री रामविलास कामत | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई सुविधा, जल संग्रहण, उर्जा उत्पादन एवं क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से सुपौल जिला के डगमारा क्षेत्र में कोसी नदी पर एक नया और आधुनिक बैराज का निर्माण कराने के लिए भारत सरकार से सिफारिश करे ।" | जल संसाधन |
| 9. | 4874 | श्री उमाकान्त सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत चनपटिया प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दूर-दराज के इलाकों में जाने के कारण शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, जिसे दूर करने हेतु सरकार चनपटिया प्रखंड के कुमारबाग में डिग्री कॉलेज स्थापित करावे ।" | शिक्षा |
| 10. | 4949 | श्री कुंदन कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बेगूसराय विधान सभा के वीरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत भवानंदपुर पंचायत के पवड़ाडाब और चेरिया बरियारपुर विधान सभा के मंझोल अनुमंडल अंतर्गत पावड़ा के बीच स्थित बूढ़ी गंडक नदी पर पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 11. | 4631 | श्री नारायण प्रसाद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखंड में वर्ष 2010 से अर्द्धनिर्मित मथौली विद्युत जल परियोजना को पूर्ण कराकर बिजली का उत्पादन शुरू करावे ।" | ऊर्जा |
| 12. | 4951 | डॉ० निक्की हेम्ब्रम | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बांका जिला अन्तर्गत कटोरिया को अर्हत्ता के अनुरूप अनुमंडल का दर्जा प्रदान करे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 13. | 4976 | श्री राणा रणधीर | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह राज्य के किसानों को पाँच लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ करावे ।" | कृषि |
| 14. | 4630 | मो० आफाक आलम | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्णिया जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कदवा गाँव के लदियाघाट के कोना पोखर में पुल का निर्माण जनहित में करावे ।" | ग्रामीण कार्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 15. | 4645 | श्रीमती प्रतिमा कुमारी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह अनुसूचित जाति के वैसे महिला एवं पुरूष दलित वर्ग से अलग अन्य वर्गों में यदि विवाह करते है, तो उन्हें अनुसूचित जाति सुरक्षित क्षेत्रों से विधान सभा, लोकसभा एवं अन्य चुनाव लड़ने से वंचित करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार से सिफारिश करे ।" | निर्वाचन |
| 16. | 4748 | श्री निरंजन कुमार मेहता | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह 71 बिहारीगंज विधानसभा (मधेपुरा) के अन्तर्गत मुरलीगंज व्यावसायिक एवं कास्ट आधारित उद्योग का प्रमुख केन्द्र है तथा किसानों का बहुत बड़ा मंडी है, जो अनुमंडल बनने की अर्हत्ता को पूरा करता है, सरकार मुरलीगंज को अनुमंडल बनावे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 17. | 4984 | डॉ० सी० एन० गुप्ता | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सारण जिला अन्तर्गत रिविलगंज प्रखण्ड के गोदना मोड़ से रिविलगंज बाजार की ओर NH-19 के दोनों तरफ नाला नहीं रहने के कारण घरों का पानी सड़क पर जमा रहता है जिसके कारण कई तरह की बीमारियाँ होती रहती है, के मद्देनजर उक्त NH-19 के दोनों तरफ नाला का निर्माण करावे ।" | पथ निर्माण |
| 18. | 4987 | श्री देवेश कान्त सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमंडल अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखण्ड के गोपालपुर RCD रोड से खगनी तक (मोबाईल सर्वे आईडी-78857) जाने वाली कच्ची सड़क जो बारहमासी सम्पर्कता से वंचित है, आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, प्रखण्ड मुख्यालय जाने हेतु उक्त महत्वपूर्ण पथ को पक्कीकरण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 19. | 4840 | श्री राजेश कुमार<br>क्षेत्र सं०-222 | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह भारत सरकार से माउन्टेनमैन दशरथ माँझी को भारत रत्न प्रदान करने हेतु सिफारिश करे ।" | मंत्रिमंडल सचिवालय |
| 20. | 4618 | श्रीमती दीपा कुमारी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पर्वत पुरूष के नाम से प्रसिद्व गयाजी जिला अंतर्गत गेहलौर निवासी श्री दशरथ माँझी को भारत रत्न देने हेतु भारत सरकार से सिफारिश करे ।" | मंत्रिमंडल सचिवालय |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 21. | 4772 | श्री इजहारूल हुसैन | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह किशनगंज जिला अन्तर्गत पोठिया प्रखंड के कोलथा पंचायत में पी० डब्लू० डी० सड़क रंगीयाडार पथ से खोकशाबाड़ी व शीमलबाड़ी आदिवासी टोला होते हुए बल्दिया घाट तक सड़क नहीं रहने के कारण आमजनों को हो रही काफी कठिनाइयों के मद्देनजर उक्त स्थान पर पुल का निर्माण जनहित में करावे।" | ग्रामीण कार्य |
| 22. | 4911 | श्री अमर कुमार पासवान | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मुजफ्फरपुर जिला के बोचहाँ विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड मुशहरी अन्तर्गत जीरोमाईल चौक पर बड़े वाहनों का प्रवेश के कारण अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है, इसके निराकरण हेतु जीरोमाईल चौक पर फ्लाई ओभर का जनहित में निर्माण करावे ।" | पथ निर्माण |
| 23. | 4914 | श्री अचमित ऋषिदेव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत परिहारी के ग्राम-गोपालपुर (ईदगा घाट) में बिलेनिया (हिरण) नदी पर पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 24. | 4735 | श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड-पंचदवरी के पंचायत राज सेमरिया के ग्राम जमुनाहा उच्च विद्यालय के समीप खेल स्टेडियम का निर्माण करावे ।" | खेल |
| 25. | 4644 | श्री अजीत शर्मा | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सभी-जीविका दीदी को सरकारी कर्मचारी घोषित करावे ।" | ग्रामीण विकास |
| 26. | 4606 | श्री श्रीकान्त यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सारण जिलान्तर्गत प्रखंड एकमा एवं लहलादपुर में डिग्री कॉलेज का निर्माण करावे ।" | शिक्षा |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 27. | 4877 | श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह 2021 में नगर परिषद समस्तीपुर में 16 नए पंचायतों को जोड़कर समस्तीपुर नगर निगम क्षेत्र बनाया गया था, जबकि समस्तीपुर नगर निगम बोर्ड का गठन गजट प्रकाशन के करीब दो वर्ष बाद 2023 में किया गया । नगर निगम के 16 नए वार्डों में होल्डिंग का निर्धारण किए बिना ही होल्डिंग टैक्स की वसूली की जाने लगी, प्रावधान के अनुसार टैक्स वसूली से पहले होल्डिंग स्थापित करना आवश्यक है। जनहित में समस्तीपुर नगर निगम बोर्ड गठन के बाद से होल्डिंग टैक्स वसूल करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 28. | 4733 | श्री हरिभूषण ठाकुर "बचोल" | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड के जगवन में महादार्शनिक याज्ञवलक्य ऋषि आश्रम को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करावे ।" | पर्यटन |
| 29. | 4738 | श्री विनय बिहारी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह राज्य में प्रखण्ड कार्यालय के माध्यम से मिलने वाली कन्या विवाह योजना के तहत राशि पाँच हजार रूपया से बढ़ाकर पचास हजार रूपया, पारिवारिक लाभ योजना (बीपीएल परिवार की विधवा महिला के लिए) के रूप में राशि को बीस हजार रूपया से बढ़ाकर एक लाख रूपया तथा कबीर अन्तेष्ठी योजना की राशि तीन हजार से बढ़ाकर दस हजार रूपया करावे ।" | समाज कल्याण |
| 30. | 4983 | श्रीमती रश्मि वर्मा | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत भीखनाठोढ़ी बलबल पत्थर खनन लीज वर्षों से बन्द कर दिया गया है, जिससे रोजगार प्रभावित हुआ है, रोजगार सृजन करने एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु पुनः लीज देकर चालू करावे ।" | खान एवं भूतत्व |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 31. | 4985 | श्री अजीत कुमार सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह जीविका योजना के अंतर्गत कोरोना, प्राकृतिक आपदा, आर्थिक संकट, सामाजिक बाधाओं एवं अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (NPA) हुए स्वयं सहायता समूहों (SHGS) की गरीब महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए उनके समूहों के बकाया कर्ज को एकमुश्त माफ करते हुए जीविका महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनावे ।'' | ग्रामीण विकास |
| 32. | 4981 | श्री ललन कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह पूर्व रेलवे के मालदा डिविजन अंतर्गत साहेबगंज स्टेशन से जमालपुर जंक्शन तक प्रत्येक एक घंटे के अंतराल पर आने एवं जाने हेतु लोकल ट्रेन चलाने हेतु रेल मंत्रालय, भारत सरकार से सिफारिश करे ।'' | परिवहन |
| 33. | 4913 | श्री पवन कुमार यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह भागलपुर-साहिबगंज रेल खंड के बीच सबौर, घोघा, एकचारी, कहलगॉव, शिवनारायणपुर, पीरपैंती, मिर्जाचौकी आदि क्षेत्र वासियों की सुविधा हेतु ट्रेन संख्या-13428 /13427 साहिबगंज हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार कर भागलपुर से हावड़ा तक चलवाने हेतु रेल मंत्रालय, भारत सरकार से सिफारिश करे ।'' | परिवहन |
| 34. | 4912 | श्री विजय सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी विधान सभा में शरीफगंज से लेकर नरैहिया तक जाने वाली पथ निर्माण विभाग की सड़क में सुखासन, डूमरिया, नाथनगर, मधुबनी, सकरैली, रैनिया एवं समेली प्रखंड तक 07 किमी० जर्जर सड़क का निर्माण करावे ।'' | पथ निर्माण |
| 35. | 4749 | श्री शम्भुनाथ यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह बक्सर जिला अन्तर्गत चक्की प्रखण्ड मुख्यालय के लिए 05 एकड़ रैयती जमीन राज्यपाल के नाम से 2024 में रजिस्ट्री हुए उक्त भूमि में चक्की प्रखण्ड के लिए नया भवन का निर्माण करावे ।'' | भवन निर्माण |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 36. | 4736 | श्री रामबली सिंह यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह जहानाबाद जिला के पुलिस अनुमंडल घोसी को सिविल अनुमडल का दर्जा दिलाकर नगर पंचायत घोसी में अनुमंडल पदाधिकारी को पदस्थापित करावे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 37. | 4844 | श्री सुनील मणि तिवारी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह राज्य के प्रारंभिक, मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत वैसे नियोजित शिक्षक, जिनकी सेवा 12 वर्ष पूरी हो गयी है, उन्हें बिहार पंचायत प्रारंभिक विद्यालय सेवा निमयावली, 2020 की कंडिका 16 के तहत प्रोन्नति देकर वित्तीय उन्नयन का लाभ प्रदान करे ।" | शिक्षा |
| 38. | 4843 | श्री अवधेश सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर सहित राज्य के सभी जन वितरण प्रणाली (PDS) विक्रेताओं को राज्यकर्मी का दर्जा देते हुए उन्हें 30,000 रूपये प्रति माह स्थायी वेतन सुनिश्चित करावे ।" | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण |
| 39. | 4674 | श्री अख्तरूल ईमान | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्णिया जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के "LO21-TO1 से नहरा खोलिया" जाने वाली जर्जर सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 40. | 4744 | श्री छोटेलाल राय | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सारण जिला के दरियापुर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत अकबरपुर के ग्राम-हेमन्तपुर बाजार से छोरहु कोठिया माही नदी पर पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 41. | 4672 | श्री श्यामबाबु प्रसाद यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत पिपरा से कल्याणपुर एवं पिपराकोठी से कल्याणपुर पथ को पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण कर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण करावे ।" | पथ निर्माण |
| 42. | 4647 | श्री महानंद सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह अरवल जिला के पटना मुख्य सोन नहर पर शंकर बिगहा जनसंहार गांव के सामने रूपसागर बिगहा एवं गोपाल बिगहा गांव के पास सरकार पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 43. | 4454 | श्री मनोज कुमार यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के पंचायतें :- 1. दक्षिणी गवन्द्रा 2. उत्तरी गवन्द्रा 3. बाँसघाट 4. भुवन छपरा 5. मनि छपरा 6. रघुनाथपुर 7. दिलावरपुर 8. मेदन सिरसिया 9. दरमाहाँ 10. पिपरा खेम को मिलाकर एक नये पुरन छपरा को प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय का सृजन करावे ।" | ग्रामीण विकास |
| 44. | 4666 | श्री बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बिहार के बंगाली शरणार्थी परिवारों को आवंटित जमीन उनके वंशजो के नाम दाखिल खारिज कराने के साथ उनके पूर्ण रैयतीकरण का नियम-कानून बनावे ।" | राजस्व एवं भूमि सुधार |
| 45. | 4673 | श्री चेतन आनंद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह शिवहर जिला के शिवहर में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना करावे ।" | स्वास्थ्य |
| 46. | 4677 | श्री राम सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पश्चिम चंपारण जिला के बगहा पुलिस जिला को मुख्यालय से सुदूर गाँव की दूरी को ध्यान में रखते हुए जनहित में बगहा को राजस्व जिला बनावे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 47. | 4686 | श्रीमती निशा सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह कटिहार जिला अन्तर्गत प्राणपुर विधान सभा क्षेत्र की जीवन रेखा कही जाने वाली महानंदा नदी के तटबंध पर सुगम आवागमन हेतु झौआ गुठेली से रोशना वाया दुर्गापुर लाभा तक पक्की सड़क का निर्माण करावे ।" | जल संसाधन |
| 48. | 4737 | श्रीमती गायत्री देवी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सीतामढ़ी जिला के सोनवरसा प्रखंड मुख्यालय में 1.5 एकड़ जमीन जिसका खाता सं०-517, खेसरा-802 एवं 238 है जो बिहार राज्यपाल के नाम से है, उस पर नया डिग्री कॉलेज की स्थापना करावे ।" | शिक्षा |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 49. | 4705 | श्री प्रमोद कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह P.M.G.S.Y रोड डेकहो बाजार से वरदारहा पासवान टोला, मुशहर टोला, रविदास टोला के लगभग 4 (चार) किलोमीटर सड़क का ग्रामीण कार्य विभाग से निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 50. | 4584 | श्री शमीम अहमद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्वी चम्पारण जिला के ग्रामीण विभाग कार्य प्रमण्डल, रक्सौल अधीन प्रखण्ड-छौड़ादानो अन्तर्गत पठानपट्टी से बथुवहिया जाने वाली सड़क में लुक माई स्थान के समीप पसाह नदी के ऊपर पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 51. | 4943 | श्री पंकज कुमार मिश्र | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अन्तर्गत रैणखरका पंचायत के इब्राहिमपुर में बागमती नदी पर पुल निर्माण हेतु राशि उपलब्ध करावे ।" | पथ निर्माण |
| 52. | 4942 | श्री अनिल कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह गया के गुरारू रेलवे स्टेशन से कोंच, पंचानपुर, टेकारी होते हुए चाकंद तक रेलवे लाईन बिछाने का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे ।" | परिवहन |
| 53. | 4707 | श्री आलोक रंजन | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बिहार राज्य के सहरसा जिला के पथ निर्माण विभाग के अधीन "बरियाही बाजार से बनगाँव बाबाजी कुटी होते हुए महिषी तक" जर्जर पथ का मरमम्ती करावे ।" | पथ निर्माण |
| 54. | 4617 | श्री विजय कुमार खेमका | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्णिया एयरपोर्ट का नामांकरण संत महर्षि मेंही परमहंस पूर्णिया एयरपोर्ट के नाम पर करने की सिफारिश भारत सरकार से करे ।" | मंत्रिमंडल सचिवालय |
| 55. | 4773 | मोहम्मद अंजार नईमी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखण्डाधीन मटियारी घाट में पुल का निर्माण करावे ।" | जल संसाधन |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 56. | 4806 | श्री सतीश कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बोधगया महाबोधि के प्रबंधन हेतु बनाए गए BTMC-1949 Act जिसमें 9 सदस्यीय कमेटी होती है, चार बौद्ध, चार हिन्दु व जिला पदाधिकारी, गया पदेन अध्यक्ष होते है, जो पूरी तरह संविधान की आर्टिकल 13 वं 26 का उल्लंघन है, बौद्धों के हित में इसे निरस्त करते हुए बोध गया महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्धों को सौपे तथा महाविहार में भारतीय संविधान को लागू करावे ।" | पर्यटन |
| 57. | 4795 | श्री सत्यदेव राम | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह BTMC ACT 1949 के तहत बोध गया महाबोधी मंदिर के प्रबंधन संचालन समिति में अध्यक्ष सहित पाँच सदस्य हिन्दू होते है, इससे मंदिर प्रबंधन व पूजा-पाठ में बौद्धों धर्म के नियमों, रीति रिवाजों व परम्पराओं को बहुत नुकसान हो रहा है, सरकार BTMC ACT 1949 को रद्द कर के बोध गया महाबोधी मंदिर के प्रबंधन एवं संचालन समिति में अध्यक्ष सहित सभी सदस्य बौद्ध को बनावे ।" | पर्यटन |
| 58. | 4980 | श्रीमती मंजु अग्रवाल | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह गयाजी जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल को जिला का दर्जा दिलावे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 59. | 4955 | श्री शकील अहमद खाँ | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड को महानन्दा नदी के पूर्वी भाग में अवस्थित एक दर्जन ग्राम पंचायतों को मिलाकर बलिया बलौन प्रखंड का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण विकास |
| 60. | 4841 | श्री अजय यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखण्ड लदनियाँ के पंचायत सिधपा, वार्ड-3 स्थित ग्राम-धनजैया, शेरपरती पर भूतनाथ महादेव मंदिर एवं बाबूबरही प्रखण्ड के देउरा स्थित मुनिबाबा महादेव मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराते हुए, शिव सर्किट के रूप में विकसित करावे ।" | पर्यटन |
| 61. | 4978 | श्री मुरारी प्रसाद गौतम | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह रोहतास जिला अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) का निर्माण हेतु भारत सरकार से सिफारिश करे ।" | स्वास्थ्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| | | | | |
| 62. | 4875 | श्री लालबाबू प्रसाद गुप्ता | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड अन्तर्गत चिरैया-सेमरा से सेमरा शिकारगंज भारत माला सड़क तक जर्जर सड़क का जीर्णोद्वार करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 63. | 4685 | श्री भरत बिन्द | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह कैमूर जिला अन्तर्गत भभुआ प्रखंड के ममहान गाँव से ग्राम-नकतौल होते हुए ग्राम-जीगनी दामोदरपुर तक नहर की सफाई एवं मरम्मत के साथ नहर के पूर्वी पट्टी का पक्कीकरण करावे ।" | जल संसाधन |
| 64. | 4799 | श्री युसुफ सलाहउद्दीन | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह नागरिक परिवहन हेतु जनहित में अमृत भारत योजना के अंतर्गत चयनित सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस (12553/12554) एवं सहरसा बांद्रा एक्सप्रेस (22913/22914) का ठहराव किये जाने के लिए रेल मंत्रालय, भारत सरकार से सिफारिश करे ।" | परिवहन |
| 65. | 4732 | श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह जमुई जिला के सिकन्दरा प्रखंडान्तर्गत मंजोष ग्राम में जमीन की खरीद-बिक्री (निबंधन) पर दस महीने से लगी रोक को तत्काल प्रभाव से हटावे ।" | मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन |
| 66. | 4609 | श्री बीरेन्द्र कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा विधान सभा के डाकबंगला चौराहा से बेगुसराय के बरौनी जीरो माइल तक ग्रीनफील्ड, फोरलेन सड़क बनवाने हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय केन्द्र सरकार से सिफारिश करे।" | पथ निर्माण |
| 67. | 4585 | श्री लखेन्द्र कुमार रौशन | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह वैशाली जिला के जन्दाहा-प्रखण्ड के चार पंचायत- लक्ष्मीपुर, बरवटट, अदलपुर, मानसिंहपुर बिझरौली एवं नारी खुर्द को निबंधन कार्यालय पातेपुर से जोड़ा गया है, जिसकी दूरी लगभग 28 से 30 किलोमीटर है, जबकि उपर्युक्त पंचायतों से पूर्व के निबंधन कार्यालय, महुआ की दूरी 8 से 15 किलोमीटर है, इस कारण उपर्युक्त पंचायतों को पूर्व के महुआ निबंधन कार्यालय से जोड़ने का कार्य करावे ।" | मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 68. | 4915 | श्री भीम कुमार सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के अमारी पंचायत के ग्राम महद्दीपुर में थाना का निर्माण करावे ।" | गृह (आरक्षी) |
| 69. | 4954 | श्री तारकिशोर प्रसाद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह कटिहार जिला के कटिहार शहर में 2000 (दो हजार) दर्शकों की क्षमता वाला सुसज्जित ऑडिटोरियम का निर्माण करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 70. | 4598 | श्री अरूण सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह रोहतास जिलान्तर्गत 213, काराकाट विधान सभा में सकला राजवाहा की स्थिति अत्यंत ही जर्जर एवं जीर्णशीर्ण अवस्था तथा पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँच पाने के कारण उक्त राजवाहा का जीर्णोद्धार एवं मरम्मति कार्य करावे ।" | जल संसाधन |
| 71. | 4952 | श्री राम रतन सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बेगूसराय जिला के तेघड़ा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बरौनी प्रखंड के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की धरती सिमरिया धाम में एक स्थायी सहायक थाना का निर्माण करावे ।" | गृह (आरक्षी) |
| 72. | 4953 | श्री अवध विहारी चौधरी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या-673, दिनांक-08.03.2021 की कंडिका-9 एवं विभागीय परिपत्र संख्या-1497, दिनांक-30.01.2018 के आलोक मे खरवार जाति के सदस्यों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति का दर्जा दिलावे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 73. | 4771 | श्रीमती अरूणा देवी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सभी शर्तो को पूरा करनेवाली नवादा जिला के पुलिस अनुमंडल पकरीबरावाँ को नगर पंचायत का दर्जा दिलावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 74. | 4768 | श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्णिया जिला अन्तर्गत बायसी अनुमण्डल मुख्यालय बायसी में निबंधन कार्यालय नहीं होने के कारण बायसी एवं डगरूआ प्रखण्ड के लोगों को पूर्णिया जाने आने में हो रही कठिनाइयों के मद्देनजर सरकार बायसी अनुमण्डल में निबंधन कार्यालय स्थापित करावे ।" | मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 75. | 4950 | श्रीमती मीना कुमारी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मधुबनी जिला अन्तर्गत लदनियाँ भाया टाहर मधुबनी पथ में कन्हौली भकुआ के बीच कमला नदी पर पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 76. | 4769 | श्री अरूण शंकर प्रसाद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मधुबनी जिला के बासोपट्टी पूर्वी तथा बासोपट्टी पश्चिमी पंचायत जिसकी कुल आबादी 25 हजार से अधिक है और जिसकी 75 प्रतिशत से अधिक आबादी की आजीविका गैर कृषि कार्य पर निर्भर है, को मिलाकर बासोपट्टी को नगर पंचायत का दर्जा प्रदान करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 77. | 4979 | श्री कृष्ण कुमार ऋषि | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्णिया जिलान्तर्गत नगर परिषद् बनमनखी एवं नगर पंचायत, जानकी नगर में जल-जमाव की समस्या से स्थायी निजात दिलाने हेतु मुख्य नाला सहित ड्रेनेज का निर्माण करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 78. | 4739 | श्री मुकेश कुमार यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सीतामढ़ी जिला के प्रखण्ड-बाजपट्टी में ग्राम+पंचायत-बाचोपट्टी नरहा के वार्ड नं0-5 पूरबारी टोला नरहा (किशोरी राय टोला) शंकर हनुमान मंदिर से पश्चिम उत्तर होकर जानेवाली सड़क में संगही नदी पर हाइलेवल पुल का निर्माण करावे ।" | जल संसाधन |
| 79. | 4977 | श्री संजीव चौरसिया | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पटना नगर निगम के अन्तर्गत आने वाली स्लम बस्ती को आये दिन हटाया जा रहा है या हटाने की प्रक्रिया में है, सरकार ने वर्ष 2011 में बिहार राज्य मलीन बस्ती कानून बनायी जिसमें एक साथ बीस झोपड़िया जो उसे मलीन बस्ती करार दिया गया है, जिसे विस्थापित करने से पूर्व स्थापित करना स्पष्ट रूप से अंकित है। सरकार स्लम बस्ती में रहने वाले लोगों को पक्का मकान देकर उन्हें पुनर्वासित करावे।" | नगर विकास एवं आवास |
| 80. | 4513 | श्री सूर्यकान्त पासवान | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बखरी अनुमण्डल में अनुमंडलीय अस्पताल का निर्माण करावे ।" | स्वास्थ्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 81. | 4526 | श्री आबिदुर रहमान | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह अररिया जिला के अररिया नगर परिषद् अन्तर्गत आश्रम रोड आनन्दी यादव के घर होते हुए एल0आर0पी0 कॉलोनी तक सड़क का निर्माण करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 82. | 4583 | श्री अजय कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अर्न्तगत पंचायत-सकरा के तरूणिया गाँव में स्टेडियम का निर्माण करावे ।" | खेल |
| 83. | 4601 | श्री मिथिलेश कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र के पासवान चौक से अम्बेदकर चौक तक जाने वाली बाईपास सड़क का निर्माण करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 84. | 4646 | श्री कुमार शैलेन्द्र | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बिहार के जिलों में गंगोता जाति के लोग हैं जो अभी अतिपिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आते है, को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए केन्द्र सरकार से सिफारिश करे ।" | सामान्य प्रशासन |
| 85. | 4678 | श्रीमती नीतु कुमारी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह नवादा जिला के हिसुआ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत हिसुआ नगर परिषद् क्षेत्र में पार्क की कमी को पूरा करने एवं नगरवासियों के हित में एक पार्क का निर्माण करावे ।" | नगर विकास एवं आवास |
| 86. | 4944 | श्री आनन्द शंकर सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा यात्रा के दौरान घोषित औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिये देव प्रखण्ड के पाताल गंगा में जमीन चिन्हित किया जा चुका है और 400 करोड़ 29 लाख रूपये का फण्ड आवंटित होने के बाद भी रूका हुआ जमीन अधिग्रहण और मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू करावे ।" | स्वास्थ्य |
| 87. | 4597 | श्री ललित नारायण मंडल | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुण्ड प्रखंड के वैल्धु पंचायत के कपसौना ग्राम के पुरब धमना नदी पर पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 88. | 4687 | श्री समीर कुमार महासेठ | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह राज्य की आर्थिक समृद्धि में सहायक जी०एस०टी० रिटर्न दाखिल करनेवाली व्यापारियों को ''किसान सम्मान योजना'' की तर्ज पर ''व्यापारी सम्मान योजना'' प्रारंभ करते हुए प्रति वर्ष 25,000 रूपये प्रदान करे ।'' | वित्त |
| 89. | 4679 | श्री राम प्रवेश राय | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह गोपालगंज जिला के रतनसराय रेलवे स्टेशन पर छपरा-लखनऊ, गोमतीनगर एक्सप्रेस एवं मांझा गढ़ रेलवे स्टेशन पर पाटलीपुत्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस के ठहराव हेतु रेल मंत्रालय भारत सरकार से सिफारिश करे ।'' | परिवहन |
| 90. | 4986 | श्री संतोष कुमार मिश्र | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड-करगहर का करगहर बाजार जो कि सासाराम-चौसा RCD पथ पर अवस्थित है तथा जिससे प्रतिदिन बड़ी गाड़ियों सहित हेवी ट्रैफिक का आवागमन होता है, जिसके कारण उक्त बाजार में भारी जाम की समस्या बनी रहती है उक्त बाजार एवं मार्ग सासाराम से सैकड़ों गाँव सहित कोचस बक्सर, NH-319 एवं राजधानी पटना जाने हेतु बाईपास का निर्माण करावे ।'' | पथ निर्माण |
| 91. | 4708 | श्री विजय कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह शेखपुरा जिला शहर मे प्रधान डाकघर की स्थापना हेतु केन्द्र सरकार के संचार मंत्रालय को सिफारिश करे ।'' | सूचना एवं जनसंपर्क |
| 92. | 4675 | श्री राकेश कुमार रौशन | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह नालंदा जिला के ईस्लामपुर प्रखंड के लारनपुर ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को अविलम्ब दूर करावे ।'' | स्वास्थ्य |
| 93. | 4665 | श्री मुहम्मद इजहार असफी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि ''वह किशनगंज जिलान्तर्गत प्रखंड-कोचाधामन में मस्तान चौक से माराडेंगा वाया-रहमतपारा, कजलामनी एवं सराय सोंथा जाने वाली RCD पथ की चौड़ाई-5.5 मीटर है, के स्थान पर 07 मीटर की चौड़ीकरण का कार्य करावे ।'' | ग्रामीण कार्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 94. | 4842 | श्री भाई वीरेन्द्र | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पटना जिलांतर्गत मनेर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत-कित्ता-74 पश्चिमी के ग्राम-हल्दी छपरा में गंगा नदी के तेज कटाव की रोकने हेतु कटाव निरोधक कार्य करावे ।" | जल संसाधन |
| 95. | 4724 | श्री रणविजय साहु | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड अन्तर्गत धर्मपुर बांदे, केशोनारायणपुर, ररियाही, मरिचा, बाजिपुर करनैल एवं इंद्रबारा पंचायत को जनहित में पटोरी प्रखण्ड में सम्मिलित करे ।" | ग्रामीण विकास |
| 96. | 4706 | डॉ० संजीव कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ० श्रीकृष्ण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न देने हेतु केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे ।" | मंत्रिमंडल सचिवालय |
| 97. | 4945 | श्री प्रणव कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मुंगेर, मिर्जाचौंकी ग्रीनफील्ड फोरलेन निर्माणाधीन अंतर्गत घोरघोट-खड़िया-अमैया पथ के पास लिंक पथ निर्माण कराने हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से सिफारिश करे ।" | पथ निर्माण |
| 98. | 4796 | डॉ० रामानुज प्रसाद | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सारण जिला के सोनपुर एवं दिघवारा प्रखंडान्तर्गत दियारा क्षेत्र यथा छितरचक (गंगा पार) रमसापुर, गरीबपट्टी, अकिलपुर आदि को जेपी सेतु के समानांतर निर्माणाधीन सिक्स लेन पुल से रैंप के माध्यम से कनेक्टिविटी दिलाने हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव भेजे ।" | पथ निर्माण |
| 99. | 4819 | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह जहानाबाद जिला के रतनी फरीदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत श्री बिगहा ईंब्राहिमपुर खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण करावे ।" | खेल |
| 100. | 4800 | श्री रामसूरत कुमार | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा N.I.O.S बोर्ड एवं विभिन्न संस्थानों से चिकित्सक का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है लेकिन अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सक को सरकारी सेवा में नियोजन नहीं किया गया है उक्त प्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सक नियोजन करावे ।" | स्वास्थ्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 101. | 4767 | श्री मुरारी मोहन झा | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह दरभंगा जिला के केवटी विधानसभा क्षेत्र अतर्गत प्रखण्ड केवटी के 26 एवं सिंघवाड़ा के 12 पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूरी तय कर जाने में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए केवटी के 13 पंचायतों को जोड़कर पिंडारूच प्रखंड एवं सिंघवाड़ा के 12 पंचायतों को जोड़कर सिमरी प्रखंड का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण विकास |
| 102. | 4731 | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पूर्वी चम्पारण जिला के रक्सौल प्रखण्ड अंतर्गत जी0बी0सी0 सिसवा से लेकर जगधर, लौकरिया, परसौना तपसी होते हुए अकबर चौक तक जर्जर सड़क का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 103. | 4741 | श्री गोपाल रविदास | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह वर्ष 2025 में TRE.1, 2, 3, तथा विशिष्ट शिक्षकों का पदस्थापन / स्थानान्तरण दियारा क्षेत्र तथा-पानापुर (दानापुर), नकटा दियारा (पटना) में हो जाने से खासकर बाढ़ के समय महिला शिक्षकों को असामाजिक तत्वों एवं असुरक्षित रूप से नदी पार कर देर शाम में घर लौटने से शिक्षक एवं उनके परिजन हमेशा अनहोनी से भयाक्रांत रहते हैं। राज्य सरकार महिला शिक्षकों को दियारा क्षेत्र से स्थानान्तरण कर निकटतम शहरी/ग्रामीण क्षेत्र विद्यालय में पदस्थापित करावे ।" | शिक्षा |
| 104. | 4743 | श्री विनय कुमार चौधरी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह राज्य के प्रत्येक पंचायत वार्ड में पत्रांक-ग्रा0वि0-15 (स्वच्छता) -03 / 2020 -36/सी दिनांक-20.12.2021 द्वारा वार्ड वार 02 स्वच्छता कर्मी की चयन की अनिवार्यता को वर्तमान में भी उसी अनुरूप दो स्वच्छता कर्मी को रखने की व्यवस्था करावे ।" | पंचायती राज |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 105. | 4982 | श्रीमती मनोरमा देवी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह गयाजी जिलान्तर्गत चंदौती प्रखण्ड कार्यालय के सामने गाँधी स्मारक में स्तम्भ पर अंकित स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक पन्ना लाल गोप सहित अनेकों स्वतंत्रता सेनानी के मिटा दिये गये नामों को जनभावना के अनुरूप उक्त गाँधी स्मारक में स्तम्भ पर पुनः पन्ना लाल गोप सहित स्वतंत्रता संग्राम के नायकों का नाम अंकित करावे ।" | मंत्रिमण्डल सचिवालय |
| 106. | 4946 | श्री प्रहलाद यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह लखीसराय जिला के पिपरिया प्रखण्ड के वलीपुर चौक से पिपरियाडीह तथा चानन प्रखण्ड के किउल रेलवे स्टेशन के बगल किउल धर्मशाला से गोडीह, वंशीपुर, गोहरी होते हुए वन्नु बगीचा गाँव तक REO सड़क को पथ निर्माण में सम्मिलित कर पथ का निर्माण करावे ।" | पथ निर्माण |
| 107. | 4607 | श्री छत्रपति यादव | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह खगड़िया जिला अन्तर्गत खगड़िया प्रखंड के तीन गछिया ग्राम एवं सहुरी रोड के बीच बहने वाली नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु मुख्य अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक-1980, दिनांक-03.06.2023 द्वारा स्वीकृत पुल का निर्माण नाबार्ड योजना अन्तर्गत उच्चस्तरीय पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |
| 108. | 4948 | श्री जनक सिंह | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह लोक संस्कृति को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने वाले भोजपुरी लोककला के महान पुरोधा स्व० भिखारी ठाकुर जी को मरणोपरांत पद्म भूषण पुरस्कार प्रदान करने हेतु भारत सरकार से सिफारिश करे ।" | मंत्रिमंडल सचिवालय |
| 109. | 4608 | श्री संजय कुमार गुप्ता | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखंड के बेलसंड रूपौली पथ में क्षतिग्रस्त लोहा पुल के स्थान पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण करावे ।" | ग्रामीण कार्य |

| शलाका क्रमांक | प्रश्न संख्या | सदस्यों का नाम | विषय | संबंधित विभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 110. | 4807 | श्रीमती रेखा देवी | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह पटना जिला अन्तर्गत धनरूआ प्रखंड के धमौल के पास कड़रूआ नदी में पुल का निर्माण करावे ।" | जल संसाधन |
| 111. | 4798 | श्री अमरजीत कुशवाहा | यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि "वह सिवान जिला के पुलिस अनुमंडल मैरवा को सिविल अनुमंडल का दर्जा दिलाये ।" | सामान्य प्रशासन |

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज दिनांक–25 जुलाई, 2025 के लिए निर्धारित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना जाता है एवं उन्हें प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द किया जाता है ।

(पढ़ी हुई मानी गई ध्यानाकर्षण सूचनाऍं)

सर्वश्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रणविजय साहू एवं अन्य सात सभासदों से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना ।

श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता : भारत की आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की कर्मभूमि चम्पारण में सत्याग्रह आंदोलन के समय से भितिहरवा गाँधी आश्रम एक ऐतिहासिक स्थल रहा है । जहां बा और बापू ने विद्यालय स्थापित किया था और बा ने वहां विद्यालय की शिक्षिका तथा संचालिका के रूप में अपना जीवन व्यतीत किया था । भितिहरवा में आज भी उनके द्वारा स्थापित विद्यालय कस्तूरबा कन्या उच्च विद्यालय नाम से ग्रामीणों एवं समाज सेवियों के सहयोग से चलता है । आजादी के 77 वर्षों के बाद भी आज तक उस विद्यालय का सरकारीकरण नहीं हो सका है। राष्ट्रपिता माहात्मा गाँधी एवं बा के सम्मान में वहां बना नया ऑडोटोरियम और प्रदर्शनी भवन भी तकनीशियन के अभाव में बंद पड़ा है । लोक–महत्व के इस विषय पर कस्तूरबा कन्या उच्च विद्यालय, भितिहरवा के सरकारीकरण हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।

<u>सर्वश्री प्रणव कुमार, प्रफुल्ल कुमार मांझी एवं श्री प्रह्लाद यादव से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना ।</u>

श्री प्रणव कुमार : केन्द्र सरकार का परिकल्पना है कि सहकारिता के माध्यम से ही 'गांव का विकास तभी देश का विकास' होगा । इसी परिकल्पना के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 'सहकार से समृद्धि' सिद्धांत के अन्तर्गत सहकारिता विभाग में लगभग 25 प्रकार की योजनाओं को प्रारंभ किया गया है । बिहार में भी उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है ।

किंतु सभी योजनाओं को बिहार में लागू करने में आ रही कठिनाइयों के समाधान तथा गहन अध्ययन हेतु आयोग के गठन की आवश्यकता है ।

अतः हम सदन के माध्यम से सहकारिता आयोग का गठन करने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।

अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, आज दिनांक–25 जुलाई, 2025 के लिए माननीय सदस्यों द्वारा दी गयी शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ माना जाता है एवं उन्हें शून्यकाल समिति को सुपुर्द किया जाता है ।

(पढ़ी हुई मानी गई शून्यकाल की सूचनाएं)

श्रीमती निशा सिंह : महोदय, बिहार राज्य में विद्युत कंपनियों में निजी एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्यरत मानव बलों को कंपनी एवं एजेंसियों के दोहरे नियंत्रण के कारण तनावपूर्ण स्थिति से मुक्त कराकर सीधे कार्य के लिए प्रधान नियोक्ता कंपनी के नियंत्रण में लिये जाने हेतु मैं सरकार से मांग करती हूं ।

श्री राम सिंह : महोदय, पश्चिमी चंपारण जिला अंतर्गत बगहा में गंडक नदी के बाढ़ से विस्थापित लोगों को कैलाश नगर में रेलवे के 352 एकड़ खाली भूमि में 52 वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा बसाया गया था ।

अतः सभी परिवारों को भूमि का स्थायी पर्चा देने हेतु मैं सरकार से मांग करता हूं ।

श्रीमती मंजु अग्रवाल : अध्यक्ष महोदय, गयाजी जिला अंतर्गत प्रखंड डोभी के ग्राम भेलवा आरसीडी रोड से प्राथमिक विद्यालय, भेलवा निचला टोला होते हुए नदी किनारे ग्राम चंदा आर0सी0डी0 रोड तक ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो और विकास हेतु सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग करती हूं ।

श्री समीर कुमार महासेठ : अध्यक्ष महोदय, अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारियों को स्थानापन्न कार्यकारी व्यवस्था के तहत प्रोन्नति नहीं दी जा रही है जबकि उनके लिए पद आरक्षित रखा जा रहा है ।

अतः अनुसूचित जाति, जनजाति के कर्मियों को भी कार्यकारी व्यवस्था के तहत उनके लिए चिन्हित पदों पर प्रोन्नति दिये जाने की मांग करता हूं ।

श्री पवन कुमार यादव : महोदय, भागलपुर जिला अंतर्गत सबौर से कहलगांव होते हुए बटेश्वर स्थान तक गंगा नदी किनारे गंगा पथ निर्माण कराने की सरकार से मांग करता हूं ।

श्री विद्या सागर केशरी : अध्यक्ष महोदय, अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज विधानसभा के फारबिसगंज–कुर्सेला एस0एच0–77 के परवाहा चौक से सिरसिया चौक एन0एच0–27 फोरलेन को जोड़ने वाली सड़क में बढ़ती गाड़ियों के दबाव व आवागमन के कारण एम0एम0जी0एस0वाई0 योजना से निर्मित वैकल्पिक अतिमहत्वपूर्ण सड़क संकरा हो गयी है । सड़क के चौड़ीकरण की मांग सदन से करता हूं ।

श्री रणविजय साहू : अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के बेरबास निवासी किसान राघव कुमार साह को अपराधियों द्वारा दिनांक–12.07.2025 को खेत में पटवन के दौरान धारदार हथियार से हत्या कर दिया गया । जिसका डुमरा थाना कांड संख्या–342/25 है ।

घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजा देने की मांग करता हूं ।

श्री रामचन्द्र प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला अंतर्गत हायाघाट एवं बहेड़ी प्रखंड के सभी पंचायतों में जल स्तर नीचे होने के कारण चापाकल, तालाब एवं कुओं का पानी सूख चुका है जिससे भारी जल संकट उत्पन्न हो गया है ।

सरकार से उक्त प्रखंड के सभी पंचायतों में तत्काल पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग करता हूं ।

श्री बीरेन्द्र कुमार : अध्यक्ष महोदय, समस्तीपुर जिला अंतर्गत शिवाजी नगर प्रखण्ड में प्रखण्ड मुख्यालय भवन विगत वर्षों पूर्व से बनकर तैयार है । इसका यथाशीघ्र उद्‌घाटन करवाने की मांग सरकार से करता हूं ।

श्री जय प्रकाश यादव : अध्यक्ष महोदय, अररिया जिला में स्वैच्छिक सेवानिवृति के उपरांत अनुकंपा के आधार पर तत्कालीन जिला पदाधिकारी द्वारा नियुक्त 38 चौकीदारों की नियुक्ति को वर्तमान जिलाधिकारी द्वारा दिनांक–12.12.2024 को रद्‌द कर दिया गया है । सदन के माध्यम से जांच करवाकर पुनः योगदान करवाने की मांग करता हूं ।

श्री विनय बिहारी : अध्यक्ष महोदय, वर्ष 2011–12 एस0टी0ई0टी0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से लगभग 80 प्रतिशत अभ्यर्थियों का नियोजन हो चुका है । शेष बचे अभ्यर्थियों की उम्र सीमा समाप्त हो रही है ।

शेष बचे हुए 20 प्रतिशत अभ्यर्थियों का नियोजन पुराने नियम के अनुसार करने की कृपा सरकार करें ।

श्री शमीम अहमद : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत नरकटिया विधान सभा के तीनों प्रखंड छौड़ादानो, बनकटवा एवं बंजरिया के सभी गांवों में जल संकट के कारण लोगों को पीने का पानी की समस्या हो गयी है, अधिकांश नल जल बंद है ।

अतः सरकार से सभी गांव में अतिरिक्त चापाकल समरसेबुल लगाने की मांग करता हूं ।

श्री मुकेश कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला बाजपट्टी विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड–बाजपट्टी, नानपुर, बोखड़ा के सभी 42 पंचायत सहित सम्पूर्ण जिला में जल संकट उत्पन्न हो गया है । सभी चापाकल बंद है मरम्मती के अभाव में नल जल फेल है । जनहित में शीघ्र पेयजल संकट दूर करने की मांग सरकार से करता हूं ।

श्री विजय कुमार खेमका : अध्यक्ष महोदय, प्रदेश में प्रथम चरण के 2000 से ज्यादा महादलित सेवानिवृत विकास मित्र की बहाली वर्ष 2010 में की गयी है । ई0पी0एफ0 के लाभ हेतु 10 वर्ष की सेवा आवश्यक है, परंतु 10 वर्ष नहीं होने से ये ई0पी0एफ0 से वंचित है । इन्हें ई0पी0एफ0 देने की मांग मैं सरकार से करता हूं ।

श्रीमती शालिनी मिश्रा : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत केसरिया नगर पंचायत के वार्ड नं0–11 एवं वार्ड नं0–06 के बीच बाबाघाट के निकट रघवा नदी पर जनहित में उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराये जाने की मांग करती हूं ।

श्रीमती कविता देवी : अध्यक्ष महोदय, कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा एवं फलका प्रखण्ड में स्वीकृत 13 हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर का शिलान्यास के बावजूद भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है ।

अतएव जनहित में यथाशीघ्र उक्त सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरा कराने हेतु सरकार से मांग करती हूं ।

श्रीमती रश्मि वर्मा : अध्यक्ष महोदय, नरकटियागंज स्थिति टी0पी0 वर्मा महाविद्यालय में बी0एड0 कोर्स का संचालन सेल्फ फाईनेंस के तहत किया जा रहा है, जिससे यहां से बी0एड0 करने वाले गरीब छात्रों को अधिक फीस देनी पड़ रही है। उक्त महाविद्यालय में संचालित बी0एड0 कोर्स की सीट बढ़ाते हुए सामान्य कोर्स की तरह कम फीस लेकर संचालित करने की मांग करती हूं ।

## समापन भाषण

अध्यक्षः माननीय सदस्यगण, आज जब यह सत्र सम्पन्न हो रहा है तो मेरे हृदय में एक मिश्रित भावनाओं का तूफान उमड़ रहा है ...

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : अध्यक्ष महोदय...

अध्यक्ष : प्रेम जी, मैं भाषण दे रहा हूं ।

श्री प्रेम कुमार, मंत्री : अध्यक्ष महोदय...

अध्यक्ष : प्लीज, प्लीज, नहीं प्रेम जी, आप बैठ जाइये न ।

(व्यवधान)

आज जब यह सत्र सम्पन्न हो रहा है तो मेरे हृदय में एक मिश्रित भावनाओं का तूफान उमड़ रहा है । कहीं संतोष है, कहीं आत्ममंथन और कहीं एक गहरी कृतज्ञता का भाव भी है ।

यह पाँच दिवसीय सत्र, 21 जुलाई को प्रारंभ हुआ था, हम सबके वर्तमान कार्यकाल का अन्तिम सत्र है ।

इस सत्र में कुल 07 जननायकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई । वित्तीय वर्ष 2025–26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का व्यवस्थापन हुआ । इस सत्र में कुल 13 राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली। इसमें कुल 07 अल्पसूचित प्रश्न, 546 तारांकित प्रश्न एवं 64 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए। कुल 98 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं। कुल 140 निवेदन स्वीकृत हुए । कुल 60 याचिकाएँ स्वीकृत हुईं । कुल 111 गैर–सरकारी संकल्प की सूचना पर सदन ने समिति को सुपुर्द किया । इस सत्र में शून्यकाल के लिए कुल 109 सूचनाएँ माननीय सदस्यों द्वारा दी गईं । कई महत्वपूर्ण कागजात सदन पटल पर रखे गए ।

माननीय सदस्यगण, पाँच वर्षों की विधायी यात्रा आज औपचारिक रूप से अपनी मंजिल पर पहुँच रही है । यह सत्रहवीं बिहार विधान सभा का समापन भले ही विधान सभा के एक कालखंड का समापन हो परन्तु यह अवधि कई संस्मरणों की संकलित पोटली है, जो हम सबने मिलकर संजोई है ।

इस विधानसभा के पटल पर हमने न केवल विधेयकों पर चर्चा की, बल्कि यहाँ विचारों का आदान–प्रदान हुआ, मतभेदों के बीच संवाद हुआ, तीखी बहसें भी हुई, लेकिन लोकतंत्र हमेशा जीवंत रहा, यह आवश्यक भी है । किसी ने ठीक ही कहा है–

''नाराजगी कभी भी इतनी लम्बी नहीं होनी चाहिए
कि नाराजगी रह जाए और इंसान गुजर जाए।''

सबके लिए है । इन पाँच वर्षों में हमने विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य से जुड़ी नीतियों पर विचार किया । महिला सशक्तिकरण से लेकर युवाओं के कौशल विकास तक, कृषि सुधार से लेकर डिजिटल प्रशासन तक आप सभी जनप्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग से हमने विधान सभा की भूमिका को जनसेवा के एक प्रभावी मंच के रूप में सशक्त किया है। यह भी सच है कि हर कार्यकाल में कुछ इच्छाएँ अधूरी रह जाती हैं, कुछ योजनाएँ आकार लेती हैं, कुछ चर्चाएँ आगे की

विधायिका के लिए अधूरी छोड़ दी जाती हैं । लेकिन हमें गर्व है कि हम सबने अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ निभाने का प्रयास किया है । सदन की कार्यवाही के संचालन में आप सबका सहयोग हमेशा प्रेरणादायक रहा । आपके अनुभव, आपकी उपस्थिति, आपके हास्य विनोद और आपके योगदान ने इस सदन को गरिमा प्रदान की है । किसी ने ठीक ही कहा है–

"हँसते रहोगे तो दुनिया साथ है, "हँसते रहोगे तो दुनिया साथ है,
वरना आँसुओं को तो आँखों में भी जगह नहीं मिलती है ।"

मैं इस अवसर पर विधान सभा सचिवालय के समस्त पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों, राज्य सरकार के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सुरक्षा बलों और अन्य सभी सहयोगी संस्थाओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिनकी सत्त सेवा भावना और समर्पण ने सदन की कार्यवाही को निर्बाध, मर्यादित और सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता की ।

माननीय सदस्यगण, लोकतंत्र का सबसे सुंदर पक्ष यही है कि यह परिवर्तन को सहजता से स्वीकार करता है । यह सदन फिर से नवनिर्माण की ओर अग्रसर होगा । कुछ पुराने चेहरे लौटेंगे, कुछ नये जनप्रतिनिधि इस पवित्र भवन में प्रवेश करेंगे । परन्तु लोकतंत्र की यह मशाल जलती रहेगी जनता के विश्वास से जनप्रतिनिधियों के उत्तरदायित्व से और संविधान के प्रति हमारी आस्था से ।

अन्त में, मैं यही कहना चाहूँगा कि यह सदन केवल दीवारों और सीटों का समूह नहीं है, बल्कि जनता की आशाओं, संघर्षों और विश्वासों का प्रतीक है । हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस मंच पर अपने विचार, चिंतन और निर्णयों के माध्यम से प्रदेश के भविष्य को आकार देने का अवसर मिला है ।

इस सदन से बाहर जाते हुए हम सबको यह स्मरण रहे कि हमारे शब्द, हमारे मत, हमारे निर्णय इतिहास में दर्ज होते हैं । वे आने वाले समय की दिशा तय करते हैं । इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि जिस गरिमा, संयम और संवेदनशीलता से हमने यहाँ कार्य किया, उसी भावना को समाज और आने वाले प्रतिनिधियों तक पहुँचाएँ ।

अब जबकि यह सत्र और इस विधान सभा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूँ कि इस सदन के संचालन में मेरी बात से, मेरे आचरण से, मेरे व्यवहार से, मेरी वाणी से अगर किन्हीं माननीय सदस्य को कोई कष्ट हुआ हो या वे आहत हुए हों तो मैं इसके लिए आप सब से क्षमा चाहता हूँ । मैंने पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है । हो सकता है मुझसे कोई चूक हो गई हो । कृपया इसे अन्यथा न लेंगे ।

इसके साथ ही मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ– आने वाले चुनावों के लिए, व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए और जनसेवा के आपके सतत प्रयासों के लिए । अंत में दो पंक्तियाँ कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा–

''खूबियां तो इतनी नहीं हम में कि तुम्हें कभी याद आएंगें,

पर इतना तो एतबार हमें खुद पर है, आप हमें कभी भूल नहीं पाएंगे।''

माननीय सदस्यगण, अब बिहार गीत होगा कृपया आप सब अपने–अपने स्थान पर खड़े हो जाएं ।

(बिहार गीत)

अब सभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की जाती है।

